(a) and (b) The performance of the E-10B exchanges commissioned so far in India is being closely evaluated and monitored with a view to establish the need or otherwise of updating or modifications in the system. So far no major modification have been necessary.

(c) The programme jointly agreed for the production and testing of components is made up of;

(1) Furnishing complete documentation by the collaborator for design, processes and tesaing;

(2) Training of Indian engineers both in France in their works and in India;

(3) Technical assistance at site in setting up the factory and in operating it.

(d) No, Sir.

आयशर और एस्कॉर्टस द्वारा निर्मित ट्रैक्टर

1494. **श्री हुक्मदेव नारायण यादव :** क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आयशर और एस्कार्टस कम्पनी द्वारा निर्मित ट्रैक्टरों की सही जांच पड़ताल नहीं की गई है जिसके कारण उनमें काफी तकनीकी गड़बड़ी है, क्या सरकार इसकी स्थलजांच करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो उसके क्या कारण है ;

(ख) क्या यह सच है कि आयशर ट्रैक्टर पंकीली कड़ी मिट्टी के लिए उपयुक्त नहीं है फिर भी उस (पंकीले) क्षेत्र में इसकी बिक्री की जा रही है; और

(ग) क्या इसकी स्थल जांच करवाने तक सरकार उस क्षेत्र में इसकी बिक्री तथा उत्पादन पर रोक लगाने का विचार रखती है ?

औद्योगिक विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री एम० अरुणाचलम) : (क) और (ख) जी, नहीं ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

सरताज ट्रैक्टरों का उत्पादन

1495. **श्री हुक्मदेव नारायण यादव :** क्या उद्योग मंत्रालय यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पंजाब ट्रैक्टर्स लिमिटेड, चंडीगढ़ द्वारा सरताज ट्रैक्टरों का उत्पादन बन्द कर दिया गया है, यदि हां, तो उसका कितना उत्पादन हो चुका था जो किसानों के हाथ बेचा गया;

(ख) क्या यह भी सच है कि कड़ी पंकीली मिट्टी तथा चौर और दियारे के लिए यह ट्रैक्टर उपयुक्त नहीं था, जिस कारण उस क्षेत्र के किसानों को भारी नुकसान उठाना पडा; और

(ग) क्या इस सम्बन्ध में स्थल जांच पर जाकर किसानों से पूछताछ किये जाने का प्रस्ताव है और क्या किसानों को क्षतिपूर्ति दिलवाने की व्यवस्था करेंगे, और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

औद्योगिक विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री एम० अरुणाचलम) : (क) जी, नहीं, । किन्तु 1983 में ब्रांड नाम बदल कर "स्वराज 720" कर दिया गया था । पिछले 2–1/2 वर्षों में स्वराज 720 के उत्पादन और बिक्री के आंकडे नीचे दिए जाते हैं :—

(संख्या)

	उत्पादन	बिक्री
1983–84	1491	1750
1984–85	1938	1724
1985–86 (अप्रैल-सितम्बर)	702	651